किराये के मकान को लेने और रहने के लिए सहायता

किरायेदारों के लिए सहायता

यदि आपको अपने किराये या आवास लागत चुकाने में मदद की जरूरत है तो हमसे बात करें। हम लोगों को निजी किराये (प्राइवेट रेंटल्स) में प्रवेश करने या रहने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करते हैं। इसमें छात्र और 65 वर्ष से अधिक उम्र के लोग शामिल हैं।

आपको मदद पाने के लिए लाभ (सरकारी सहायता) पर होने की आवश्यकता नहीं है। यदि आप कम आय पर हैं तो भी आप पात्र हो सकते हैं।

आपको मिलने वाली सहायता आपकी परिस्थितियों, आय और संपत्ति पर निर्भर करेगी।

किराये से संबंधित निरंतर सहायता

यदि आपको अपने किराये या रहन-सहन का भुगतान करने में सहायता की आवश्यकता है, तो आप "एकोमोडेशन सप्लिमेंट" (आवास अनुपूरक) नामक एक नियमित भुगतान प्राप्त करने में सक्षम हो सकते हैं। यह सार्वजनिक आवास (पब्लिक हाउसिंग) में रहने वाले लोगों के लिए उपलब्ध नहीं है।

यदि आपको अपने किराये या रहने की अन्य आवश्यक लागतों का भुगतान करने के लिए अतिरिक्त मदद की आवश्यकता है, तो आप अस्थायी अतिरिक्त सहायता भी प्राप्त कर सकते हैं। इसका भुगतान एक बार में 13 सप्ताह तक किया जा सकता है।

अतिदेय किराये का भुगतान करना

यदि आप किराया देने में पीछे हैं, तो जल्दी कार्रवाई करें। अपने अतिदेय किराये को चुकाने की योजना के बारे में अपने मकान मालिक से बात करें। यदि यह संभव नहीं है, तो हम मदद करने में सक्षम हो सकते हैं ताकि आप अपना घर न खोएं।

आप "रेंट अरियर्स ग्रांट" (किराया बकाया अनुदान) प्राप्त करने में सक्षम हो सकते हैं। आपको यह धनराशि वापस चुकानी होगी।

बांड और अग्रिम में किराया

यदि आपको कोई जगह मिल गई है, तो हम आपको बांड और किराये का अग्रिम भुगतान करने में मदद कर सकते हैं।

हमसे बात करें और हम पता लगाएंगे कि आपको क्या सहायता मिल सकती है। यह बांड या अग्रिम में किराया अनुदान हो सकता है। आपको यह धनराशि वापस चुकानी होगी।

MINISTRY OF SOCIAL DEVELOPMENT
TE MANATŪ WHAKAHIATO ORA

WORK AND INCOME
TE HIRANGA TANGATA

SHA334W-Hindi – OCT 2023

घर बदलना

“मूविंग कॉस्ट ग्रांट” (घर बदलने के लिए वित्तीय सहायता) ट्रेलर या ट्रक के किराये जैसी चीजों में मदद कर सकता है। इसका उपयोग मूवर्स के लिए भी किया जा सकता है यदि आप स्वयं स्थानांतरण में मदद नहीं कर सकते हैं, उदाहरण के लिए उम्र, बीमारी या विकलांगता के कारण।

आपको यह धनराशि वापस चुकानी होगी।

किराये पर संपत्ति प्राप्त करने के लिए मदद

यदि आप रहने के लिए जगह तलाश रहे हैं, लेकिन आपकी व्यक्तिगत स्थिति के कारण इसे ढूंढना मुश्किल है, तो हम आपको “टेनेन्सी कॉस्ट्स कवर लेटर” (किरायेदारी लागत कवर पत्र) देकर मदद कर सकते हैं, जिसे मकान मालिक को दिया जा सकता है।

आवेदन कैसे करें

आप व्यक्तिगत रूप से या फोन द्वारा आवेदन कर सकते हैं

आवेदन करने से पहले, आपको कुछ दस्तावेज इकट्ठा करने होंगे, जिनमें शामिल हैं:

- आप कौन हैं इसका प्रमाण
- आय और संपत्ति के विवरण
- आपके खर्चों का प्रमाण (जैसे स्थानांतरण लागत या अतिदेय किराया)
- आपका किरायेदारी समझौता।

व्यक्तिगत रूप से आवेदन

अपने स्थानीय वर्क ऐंड इन्कम सेवा केंद्र पर जाएँ। पहले से अपॉइंटमेंट लेना बहुत अच्छा है। आप हमारी साइटों को **workandincome.govt.nz/findus** पर खोज सकते हैं।

फोन पर आवेदन करें

फोन पर आवेदन करने के लिए, आप हमें सोमवार से शुक्रवार सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक और शनिवार को सुबह 8 बजे से दोपहर 1 बजे तक कॉल कर सकते हैं। हमें इन नंबरों पर कॉल करें:

- **0800 559 009** कामकाजी उम्र के व्यक्ति
- **0800 552 002** वरिष्ठ
- **0800 88 99 00** छात्र

“यूथ पेमेंट” (युवा भुगतान) या “यंग पेरेंट पेमेंट” (युवा माता-पिता भुगतान) प्राप्त करने वाले लोग कृपया सीधे अपने युवा कोच से संपर्क करें।

यदि आप बधिर हैं, सुनने में अक्षम हैं या आपको फोन पर संवाद करने में कठिनाई होती है, तो आप निम्नलिखित कर सकते हैं:

- टेक्स्ट: **029 286 7170**
- ईमेल: **MSD_Deaf_Services@msd.govt.nz**
- NZ (न्यूज़ीलैंड) रिले सेवाओं का उपयोग करें: **NZRelay.co.nz**

अधिक जानकारी के लिए

workandincome.govt.nz/housing पर जाएँ

आप **check.msd.govt.nz** पर यह भी देख सकते हैं कि आपको ऑनलाइन क्या मिल सकता है

SHA334W-Hindi – OCT 2023